## सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## तृतीय सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 08 श्रावण, 1943 (श०) / 30 जुलाई, 2021 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 07

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | स्वास्थ्य विभाग | .. .. | 02 |
| (2) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. .. | 01 |
| (3) | ऊर्जा विभाग | .. .. | 02 |
| (4) | योजना एवं विकास विभाग | .. .. | 02 |
| | | कुल योग -- | 07 |

अनुदान राशि देना

12. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोविड-19 से बिहार के मूल निवासियों का बिहार राज्य से बाहर करीब 5 हजार लोगों की मृत्यु हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार कोविड-19 पॉजिटिव से मरने वालों को 4 लाख रुपये अनुदान राशि के रूप में देती है किन्तु राज्य के बाहर कोविड से मरने वालों को 4 लाख रुपये अनुदान राशि का लाभ अभीतक नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार राज्य के बाहर कोविड-19 से मरने वाले लोगों को 4 लाख रुपये अनुदान राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

ट्राईसाईकिल की आपूर्ति

13. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत माननीय सदस्यों की अनुशंसा पर बैट्रीचालित ट्राईसाईकिल दिव्यांगों को दिये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिव्यांगों के लिये बैट्रीचालित ट्राईसाईकिल की आपूर्ति भारत सरकार के उपक्रम आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैनुफैक्चरिंग कॉ0 ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत दिव्यांगों को बैट्रीचालित ट्राईसाईकिल दिये जाने की अनुशंसा के उपरान्त प्रशासनिक स्वीकृति स्थानीय अधिकारी द्वारा दे दी जाती है परंतु भारत सरकार का उपर्युक्त उपक्रम बिना अग्रिम चेक लिये बैट्रीचालित ट्राईसाईकिल की आपूर्ति नहीं करता है जबकि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत अग्रिम चेक देने का प्रावधान नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार माननीय सदस्यों की अनुशंसा पर बैट्रीचालित ट्राईसाईकिल दिव्यांगों को उपलब्ध कराने हेतु कौन-सी पहल करने का विचार रखती है ?

-------

स्थगित करना

14. श्री रित लाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना, दानापुर सहित राज्य के शहरी क्षेत्रों के आवासीय मकानों/प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्मार्ट मीटर में रिचार्ज के बाद बिजली बहाल होने में देरी एवं तेज मीटर रीडिंग सहित कई खामियाँ हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त खामियों का निराकरण किये बिना ही स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय जनहित के प्रतिकूल है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

औचित्य बतलाना

'क'-15. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि योजना एवं विकास विभाग के पत्रांक 1281, दिनांक 27 मार्च, 2020 द्वारा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना में आवंटित राशि में से 50 लाख रुपये, संसदीय कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या 267, दिनांक 17 अप्रील, 2020 द्वारा सभी माननीय सदस्यों के वेतन से 15 प्रतिशत कटौती तथा पुनः योजना एवं विकास विभाग के संकल्प संख्या 1485, दिनांक 3 मई, 2021 द्वारा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना में आवंटित 3 करोड़ में से 2 करोड़ रुपये की राशि की कटौती कर कोरोना उन्मूलन कोष में जमा की गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोरोना उन्मूलन कोष का प्रावधान किसी शीर्ष/उप-शीर्ष के अन्तर्गत अभिलक विभाग द्वारा नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा बिना शीर्ष सृजित किये कटौती का औचित्य क्या है ?

---

नोट--'क'-स्वास्थ्य विभाग के ज्ञापांक 41(7), दिनांक 20 जुलाई, 2021 द्वारा योजना एवं विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

कार्रवाई करना

16. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 29 जून, 2021 को प्रकाशित शीर्षक ''बिहार में इस साल मई महीने में 68000 मौतें हुई, पिछली बार से 45107 ज्यादा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में इस साल 5 माह में ही 2.15 लाख मौतें कोरोना से हुई है जो पिछले बार से 82500 अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार में 1 जनवरी, 2021 से 31 मई, 2021 तक कोविड से सिर्फ 3766 मौतें बताई गई है तथा सी0आर0एस0 के अनुसार इस दौरान प्रदेश में कुल 2.15 लाख मौतें हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कोविड से हुई वास्तविक मौतों के आँकड़े छुपाने वाले पदाधिकारियों तथा कर्मियों को चिह्नित कर कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शक्ति केन्द्र/उप-केन्द्र की स्थापना

17. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी 38 जिलों में किसानों को खेतों की सिंचाई हेतु विद्युत् कनेक्शन दिये जा रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में विद्युत् उपभोक्ताओं के अनुसार पर्याप्त मात्रा में विद्युत् शक्ति केन्द्र/विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र की क्षमता नहीं है जिसके कारण लो-वोल्टेज की समस्या उत्पन्न होती है जिससे कि किसानों को खेतों की सिंचाई करने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी 38 जिलों में विद्युत् उपभोक्ताओं की आवश्यकता के अनुरूप नये विद्युत् शक्ति केन्द्र/विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना बनाना

18. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने हम सबों को सावधान कर दिया है कि भविष्य में उत्तम स्वास्थ्य सुविधा से युक्त अस्पताल ही ऐसी त्रासदी से निबटने का एकमात्र साधन होगा जिसके तहत ही राज्य के मेडिकल कॉलेजों, सदर एवं अनुमंडल अस्पतालों में ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट लगाये जा रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट लगाने के साथ ही उसके सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ रख-रखाव एवं संचालन के लिये पारा मेडिकल स्टाफ, आधुनिक टेक्निशियन एवं मानव संसाधन की आवश्यकता होगी ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा अबतक इन पदों की स्वीकृति एवं इनमें लागत का बजटीय प्रावधान नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को इस पर कार्य योजना बनाने हेतु निदेशित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 30 जुलाई, 2021 (ई0) ।

भूदेव राय,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0, 22(एल0ए0), 2021-22-डी0टी0पी0-550